
# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# बीएसएनएल की संचार सेवा आम उपभोक्ताओं के लिए बनी सिरदर्द

**आक्रोश**

## जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बीएसनल की संचार सेवा पर उठने लगे सवाल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में वर्तमान में बीएसएनएल की संचार सेवा आम उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बन चुकी है। आलम यह है कि सीमांत के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बीएसएनएल की संचार सेवा ही एकमात्र विकल्प है। मानसून काल सिर पर है वही आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आपदा से संबंधित सूचनाओं की जानकारी हासिल करने में आपदा प्रबंधन के साथ ही सीमांत के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ता संचार सेवा के लिए परेशानी से दो चार हो रहे है।

आपदा का माहौल सीमांत में चल रहा है। जगह–जगह सड़कें बंद पड़ी है। वही जरूरत के वक्त जहां सीमांत के आपदा प्रभावितों को संचार क्रांति के लिए मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। संचार सेवा के लगातार खराब होने




से सीमांत में आनलाइन सेवा ,बैंकिग ,पोस्ट आफिस सेवा आदि पर संशय के बादल मंडराने लगे है। सीमांत के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जौलजीवी , धारचूला , मुंसयारी में अधिकांश ग्रमीण व स्थानीय व्यापारी आज भी बीएसएनएल की संचार सेवा के भरोसे चल रहे है।

पिछले तीन सप्ताह तक का वक्त गुजर चुका है।

सीमांत में बीएसएनएल की संचार सेवा पूरी तरह से अब सवालों के घेरे में आने लगी है। दूसरी ओर बीएसएनएल की संचार सेवा के आये दिन खराब होने से क्षेत्र के आपदा प्रभावितों में संबधित महकमें के खिलाफ जन आक्रोश देखने को मिल रहा है। संचार सेवा की लचर हो चुकी हालत पर क्षेत्र के आपदा प्रभावित अब राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने का मन बना चुके है।

क्षेत्र के प्रभावित अब संबधित संचार कंपनी बीएसएनएल के विभागीय अधिकारियों के आश्वासनों से नाराज होकर अब आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुके है। आपदा की मार झेल रहे आपदा प्रभावित अब बीएसएनएल संचार कंपनी के खिलाफ जन आदोलन छेड़ने की तैयारी में लग चुके है।

नाराज आपदा प्रभावित क्षेत्र के जौलजीवी के ग्रमीणों व स्थानीय व्यापारियों ने आगामी प्रदर्शन की तैयारी को लेकर धारचूला के उपजिलाधिकरी को शिकायती पत्र सौपकर धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करने की बात कही है। क्षेत्र में ऐसे हालातों में संचार सेवा के आये दिन बदहाल पड़े होने से क्षेत्र के आपदा प्रभावितों का आक्रोश जायज लग रहा है।

## न्यूज डायरी

### कोरोना के बाद स्कूली शिक्षा के बदलते स्वरूप पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना के बाद पढ़ाने ओर सीखने की बदलते स्वरूप को देखते हुए दुनिया भर के विशेषज्ञों ने तकनीकी संचालित शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव के तरीकों और साधनों की खोज की आवश्यकता पर बल दिया। 8वें ओसवाल बुक्स एजुकेशन कॉन्क्लेव में शिक्षा, प्रौद्योगिकी और सामाजिक विज्ञान के विशेषज्ञों ने कहा कि कोरोना ने लोगों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं । सभी लोगों शिक्षा की गुणवत्ता और उसके डिजाइन से समझौता नहीं कर सकते। हमलोगों को उसकी रणनीतियों और प्रक्रियाओं पर फिर से विचार करने की जरूरत थी। हम लोगों को उससे समझौता इस सम्मेलन में भारत, मैक्सिको, शिकागो, यूनाइटेड किंगडम के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### सीग्रैम्स 100 पाइपर्स भारत में एक बार फिर एकमात्र स्कॉच ब्राण्ड बना

**संवाददाता** देहरादून। सीग्रैम्स 100 पाइपर्स, भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली स्कॉच व्हिस्की, ने इंडस्ट्री में लगातार बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करना जारी रखा है और यह हमेशा नये मापदंड स्थापित कर रही है। इसने मार्केट लीडर, थॉट लीडर और एक इनोवेशन लीडर के तौर पर खुद को साबित किया है। पिछले बिजनेस साइकल, यानि जुलाई 2020 से जून 2021 तक, 100 पाइपर्स ने सिर्फ एक नहीं, बल्कि दो रिकॉर्ड्स तोड़े हैं। इन कई उपलब्धियों पर अपनी बात रखते हुए, पर्नोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिन्द्रा ने कहा, "100 पाइपर्स द्वारा भारतीय स्कॉच सेगमेंट को आकार देना और नये रिकॉर्ड बनाना जारी है।

### आईआईटी मद्रास ऑनलाइन डेटा साइंस प्रोग्राम के लिए आमंत्रित कर रहा आवेदन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, ऑनलाइन डेटा विज्ञान कार्यक्रम के अगले बैच के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है , जो 2020 में शुरू की गई अपनी तरह की अनूठी पहल है। एक क्रांतिकारी धारणा, कार्यक्रम का उद्देश्य किसी ऐसे व्यक्ति से डेटा वैज्ञानिक बनाना है जिसने बारहवीं कक्षा पास की हो और दसवीं कक्षा में अंग्रेजी और गणित का अध्ययन किया हो, चाहे उनकी भौगोलिक स्थिति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि और पेशा कुछ भी हों। अगले क्वालीफायर बैच की कक्षाएं सितंबर 2021 में शुरू होंगी।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर, आकाश चौधरी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हम दोनों छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं।

# कांग्रेस ने अगस्त क्रांति दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष में कांग्रेस ने सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली। जिसका आयोजन कांग्रेस भवन से घंटाघर, दर्शनलाल चौक होते हुए वापस कांग्रेस भवन तक किया गया। नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने यात्रा की अगुआई की। तिरंगा यात्रा में युवा कांग्रेस, एनएसयूआइ, महिला कांग्रेस, सेवादल, महानगर कांग्रेस, पूर्व सैनिक संगठन ने भाग लिया। उत्तर भारत कांग्रेस सेवादल के प्रभारी डॉ अमरजीत सिंह के निर्देश पर उत्तराखंड कांग्रेस सेवा दल के सभी प्रदेश पदाधिकारियों व सेवादल यंग ब्रिगेड ने अंग्रेजों भारत छोड़ो (क्रांति दिवस) आंदोलन की 79वीं वर्षगांठ पर राजधानी देहरादून में राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

यात्रा दर्शनलाल चौक तक फिर वहा से गांधीपार्क तक देश भक्ति के गीतों की धुन पर बैंडबाजे के साथ सुबह 11 बजे से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (राजीव गांधी भवन ) में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराकर शुरू हुई। इस अवसर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवम मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन, उत्तराखंड सदन में नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, महिला सेवादल प्रभारी रेखा कश्यप, महिला सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित, प्रदेश सेवादल उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा, महानगर महिला सेवादल अध्यक्ष सावित्री, मंजू, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा, महेश जोशी, संदीप चमोली आदि उपस्थित थे।



## बीन नदी के ऊफान में फंसा हल्द्वानी से आया कैदी वाहन

**संवाददाता** ऋषिकेश। पर्वतीय क्षेत्र में सुबह हुई मूसलधार बारिश के कारण यमकेश्वर प्रखंड के नालों और गधेरों (बरसाती नाले) में पानी भर गया है। जिस कारण ऋषिकेश और हरिद्वार के बीच चीला मार्ग पर बीन नदी में ऊफान आ गया। हल्द्वानी से एम्स ऋषिकेश आ रहा एक कैदी वाहन बीच नदी में फस गया। तीन घंटे से ज्यादा वक्त बीत जाने के बावजूद वाहन वही फसा रहा। लक्ष्मण झूला थाने से क्रेन मंगाकर वाहन को निकाला जा रहा है। बीन नदी में उफान आने के कारण इस मार्ग पर यातायात अवरुद्ध है।

# मुख्यमंत्री ने उमा तीज सुंदरी, उमा तीज मलिका विजेता महिलाओं को सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरांचल महिला एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने संस्था की ओर से उमा तीज सुंदरी, उमा तीज मलिका विजेता महिलाओं को सम्मानित किया। उत्तरांचल महिला एसोसिएशन द्वारा कोविड टीकाकरण जागरूकता के लिए जीवन के लिए वैक्सीन है जरूरी स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। मुख्यमंत्री ने इस प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।

उमा तीज सुंदरी के रूप में स्वाति चौहान, आरती शर्मा और अर्चना सिंघल को जबकि तीज मलिका के लिए पुष्पा भल्ला, सारिका जायसवाल और अलका अग्रवाल को सम्मानित



किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण के लिए प्रदेश में जन जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में तेजी से टीकाकरण अभियान भी चल रहा है। राज्य में 55 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हो चुका है। उत्तरांचल महिला एसोसिएशन द्वारा स्लोगन एवं विभिन्न माध्यमों से टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने के अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर उत्तरांचल महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती साधना शर्मा, सचिव श्रीमती नीलिमा गर्ग, श्रीमती कल्पना जोशी, श्रीमती स्वाति, श्रीमती अर्चना सिंघल, श्रीमती आरती शर्मा, श्रीमती अलका अग्रवाल उपस्थित थे।

## आकाश इंस्टीट्यूट हरिद्वार के चार छात्रों ने जेईई मेन्स में प्रभावशाली स्कोर किया

**संवाददाता** हरिद्वार । हरिद्वार में आकाश इंस्टीट्यूट के चार छात्रों ने जेईई मेन्स 2021 परीक्षा के तीसरे सत्र में 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान और उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है। नेशनल टेस्टिंग द्वारा कल रात परिणामों की घोषणा की गई। यह इस साल आयोजित होने वाली इंजीनियरिंग के लिए चार संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से तीसरी थी। निकुंज कंसल, सार्थक कलकर, आयुष मदान और सौम्या राज ने 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा माने जाने वाले आईआईटी जेईईको क्रैक करने के लिए छात्रों ने दो साल के क्लास रूम प्रोग्राम में आकाश इंस्टीट्यूट में दाखिला लिया। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की कुलीन सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के उनके प्रयासों और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया।